# अजय देवगन की सिंघम अगेन इस दिवाली होगी रिलीज



रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की सिंघम अगेन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जनता अजय देवगन को सिंघम के अवतार में वापस देखने के लिए बेताब है। रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से बने सस्पेंस को खत्म करते हुए मेकर्स ने बताया कि फिल्म को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

सिंघम अगेन में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अर्जुन कपूर नजर आने वाले हैं। पहले यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली थी। तारीख में बदलाव का मतलब है कि सिंघम अगेन का बॉक्स ऑफिस क्लैश कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 से होने वाला है। वह भी दिवाली पर इसी साल रिलीज होनी है। फिल्म मेकर रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टाइटल और स्टार कास्ट के नाम वाला एक पोस्टर शेयर किया।

कैप्शन में रोहित ने लिखा, शेर आतंक मचाता है, जख्मी शेर तबाही। इस दिवाली एक बार फिर सिनेमाघरों में मिलते हैं . इससे पहले गुरुवार को अपनी अपकमिंग फिल्म औरों में कहां दम था के ट्रेलर रिलीज के दौरान अजय ने फिल्म के बारे में अपडेट शेयर किया था और बताया था फिल्म का अभी भी कुछ काम बाकी है, हमें कुछ पार्ट्स की शूटिंग करनी है। यह एक बड़ी फिल्म है, और हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते, क्योंकि जल्दबाजी में काम खराब होता है और हम नहीं चाहते कि ऐसा हो।

रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन उनकी कॉप यूनिवर्स की पांचवीं और सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। उनके कॉप यूनिवर्स में फिल्म सिंघम, सिंघम रिटर्न, सूर्यवंशी और सिंबा शामिल हैं। इसका निर्माण रोहित शेट्टी पिक्चर्स ने रिलायंस एंटरटेनमेंट, जियो स्टूडियो और देवगन फिल्म्स के साथ किया है। भूल भुलैया 3 की बात करें तो फिल्म में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं। विद्या बालन मंजुलिका के किरदार में नजर आएंगी।

## बिग बॉस-16 स्टार टीना दत्ता ने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में दिए पोज

फेमस टीवी स्टार टीना दत्ता ने फैंस के लिए इंडो-वेस्टर्न लुक में फोटो शूट करवाया। एक्ट्रेस इस ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखीं। उतरन और कोई आने को है जैसे शो में नजर आने वाली मशहूर एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई फोटोज पोस्ट की। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 4.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने पीच और ग्रीन कलर के क्रॉप टॉप, मैचिंग प्लाजो पैंट और मैचिंग स्लीवलेस श्रग पहने हुए कई तस्वीरें पोस्ट की। बिग बॉस-16 की प्रतियोगी ने फोटोशूट के लिए डेवी मेकअप लुक चुना। उन्होंने अपने मेकअप लुक को लाल बिंदी के साथ पूरा किया। हेयरस्टाइल के लिए उन्होंने ब्रेडेड हाफ अपडू चुना। लुक को इयररिंग्स और ब्रेसलेट के साथ एक्सेसराइज किया गया। पोस्ट पर कैप्शन दिया, जब भारतीय और पश्चिमी मिलते हैं, तो जादू होता है। कोलकाता में जन्मी टीना योग और पिलेट्स की भी शौकीन हैं। उन्होंने बंगाली फिल्मों चिरोदिनी तुमी जे अमार, चोखेर बाली और हिंदी फिल्म परिणीता में भी अभिनय

## एनटीआर की फिल्म में बॉबी देओल की हो सकती है एंट्री

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म देवरा को लेकर काफी चर्चा में हैं। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसके अलावा एनटीआर एक और फिल्म वॉर 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में वह बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ नजर आने वाले हैं। इस बीच अभिनता की एक और आगामी फिल्म में इस बॉलीवुड स्टार के जुड़ने की बात सामने आ रही है। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की यह फिल्म बहुत पहले शुरू हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभिनेता और निर्देशक के अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त होने के कारण इसमें देरी होती चली गई। हालांकि, अब फिल्म को लेकर नए अपडेट्स आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की टीम ने बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल के साथ खलनायक की भूमिका के लिए बातचीत शुरू की है। ऐसा लग रहा है कि पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल के बाद, बॉबी देओल को खलनायक के तौर पर दिखानी एक होड़ सी मची हुई है।



## नवाजुद्दीन ओशो का किरदार निभाना चाहते हैं



बॉलीवुड में अपनी बेमिसाल अदाकारी के लिए प्रसिद्ध अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक पुलिस अफसर की भूमिका में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अपनी नई फिल्म रौतू का राज ओटीटी पर लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म का दिलचस्प ट्रेलर 13 जून को जारी किया था, जिसे देखने के बाद प्रशंसक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। ट्रेलर में नवाजुद्दीन एक ऐसे गांव में पुलिस अफसर बनकर पहुंचते हैं, जहां कोई अपना काम सही से करने को तैयार नहीं है, क्योंकि वहां पर सभी आलसी होते हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राजेश कुमार, नारायणी शास्त्री और अतुल तिवारी स्टारर फिल्म रौतू का राज एक सस्पेंस-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें एक महिला की मौत हो जाती है, इसी का कारण पता लगाने के लिए इंस्पेक्टर दीपक नेगी (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) अपनी टीम के साथ तफ्तीश करते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म रौतू का राज को लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राजेश कुमार ने कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। साथ ही बताया कि नवाजुद्दीन क्यों निभाना चाहते है ओशो का किरदार। इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, कोई दबाव लेने की जरूरत नहीं है। काम को सीरियस करो, खुद को सीरियस लेने की जरूरत नहीं है। इसके आगे अभिनेता ने राजेश कुमार की तारीफ में कहा, जब आप कोई सीन किसी अभिमेता के साथ कर रहे हों, तो आप एक अभिनेता की काबिलियत को जान सकते हैं। टीवी पर राजेश की छवि एक कॉमेडी अभिनेता की रही है, लेकिन उनके अंदर एक अलग तरह की शख्सियत भी है। वह किरदार में रहते हुए ही सब कुछ करते हैं। राजेश की तारीफ में आगे कहा, राजेश ने जो फिल्म में काम किया है वह बहुत अमेजिंग है।




## फैशन पर बेस्ड रियलिटी शो को-प्रोड्यूस करेंगी मसाबा गुप्ता

मशहूर फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा गुप्ता अपने अपकमिंग रियलिटी टीवी शो को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। अभी तक इसका नाम नहीं रखा गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि वह इस शो को को-प्रोड्यूस करेंगी। यह शो फैशन को भारतीय शादियों से जुड़े इमोशन्स के साथ जोड़ेगा। इसमें मसाबा के अपने खुद के डिजाइन किए गए ड्रेस की झलक दिखेगी। यह रियलिटी शो लोगों, उनकी बेबाक कहानियों और उन भावनाओं पर फोकस करेगा, जिसमें प्यार और फिर शादी का जश्न मनाया जाता है। मसाबा इस शो को लूसिफेर सर्कस के साथ को-प्रोड्यूस करेंगी। यह शो फैशन आइडियाज को बढ़ाने और ट्रेडिशनल वेयर में नयापन लाने का वादा करता है। नए डेवलपमेंट के बारे में बात करते हुए, मसाबा ने कहा, मैं आपके लिए मैरिज, कम्पैनियनशिप और इन दोनों के बीच की हर चीज की आकर्षक कहानियां लाने वाली हूं। हम आपको इसमें शादी के बीटीएस (बिहाइंड द सीन्स) दिखाएंगे, जो किसी भी भारतीय की जिंदगी में सबसे खास होते हैं। साथ में, हम उन खुशियों, परंपराओं और दिल को छू लेने वाले पलों को भी दिखाएंगे, जो इन इवेंट्स को यादगार बनाते हैं। बता दें कि यह शो उनके ब्राइडल कलेक्शन की सफलता के बाद लाने का फैसला किया गया है। बता दें कि करीना कपूर खान और मसाबा काफी अच्छी दोस्त हैं। हाल ही में करीना ने उनके लेटेस्ट ब्राइडल कलेक्शन द मसाबा ब्राइड के लिए एक साथ काम किया था।

# रवीना ने खटखटाया अदालत का दरवाजा

### मारपीट के फर्जी वीडियो मामले में शख्स पर किया मानहानि केस




अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक शख्स को कथित रोड रेज की घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो को नहीं हटाने पर मानहानि का नोटिस भेजा है। अभिनेत्री रवीना टंडन बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को लेकर खूब चर्चा में रहीं।

एक शख्स ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया और रवीना पर आरोप लगाया कि उन्होंने नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया और कुछ लोगों को कार से टक्कर मारी। हालांकि, पुलिस जांच में अभिनेत्री निर्दोष पाई गईं। सीसीटीवी फुटेज की जांच बाद में मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया कि शख्स ने अभिनेत्री पर जो आरोप लगाए वे झूठे थे। इस मामले को लेकर अब रवीना ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मुताबिक रवीना ने मानहानि का आरोप लगाया।

#### अभिनेत्री ने भेजा कानूनी नोटिस

अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक शख्स को कथित रोड रेज की घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो को नहीं हटाने पर मानहानि का नोटिस भेजा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में शख्स ने दावा किया था कि रवीना टंडन की कार ने उसकी मां को टक्कर मारी थी और पूछताछ करने पर उसने अभिनेत्री पर अपनी मां के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था। व्यक्ति ने यह भी दावा किया था कि यह घटना उस समय हुई, जब उसकी मां, बहन और भतीजी वहां अदाकार के घर के पास थीं।

हालांकि, मुंबई पुलिस की जांच में पाया गया कि अभिनेत्री की कार किसी से नहीं टकराई थी। अधिवक्ता सना खान के जरिए भेजे गए मानहानि नोटिस में कहा गया है कि अभिनेत्री ने पुलिस जांच में सामने आए सच्चे और सही तथ्यों के बारे में शख्स को सूचित किया है। मानहानि नोटिस के अनुसार, शख्स ने अभिनेत्री से अपने एक्स अकाउंट से वीडियो हटाने की मांग करते हुए एक अनुरोध पत्र भेजने को कहा, जो 5 जून को ईमेल के माध्यम से भेजा गया था।

#### उठाए सभी जरूरी कानूनी कदम

नोटिस में शख्स को कहा गया है, आपने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट हटाने से इनकार किया है और इसके अलावा हमारे क्लाइंट को धमकी दी है कि यदि उक्त अनुरोध पत्र 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया गया तो वे कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे। नोटिस में अभिनेत्री ने कहा कि उस शख्स ने वीडियो के जरिए सोशल मीडिया और न्यूज पोर्टल पर उनकी छवि खराब की है, जो कि निश्चित रूप से फर्जी खबर है और अपमानजनक भी है।

नोटिस में आगे कहा गया है कि यह वीडियो उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने और सार्वजनिक रूप से बदनाम करने के लिए बनाया गया है। नोटिस में वकील सना खान ने लिखा है, हम इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सभी जरूरी कानूनी कदम उठा रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्याय मिले तथा इस अपमानजनक अभियान को जारी रखने के लिए शख्स के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## महिलाओं की समस्या से जुड़ी फिल्म करना चाहती थीं सान्या



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अभिनेत्री ने एक बातचीत के दौरान कहा कि वह हमेशा से इस तरह की फिल्म करना चाहती थी, जो प्रदर्शित करती हो कि किस तरह से शादी के बाद महिलाओं को घरेलू कामो में धकेल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें 'मिसेज' के लिए संपर्क किया गया अभिनेत्री ने तुरंत इसके लिए हां कर दी। सान्या की आगामी फिल्म 'मिसेज' साल 2021 में आई निर्माता जियो बेबी की मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म एक डांसर की जिंदगी पर आधारित थी, जिसकी शादी एक ऐसे परिवार में हो जाती है, जो खुले विचारों का नहीं है। उस पर घर के काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। अंत में वह इसका विरोध करती है। अभिनेत्री सान्या ने एक साक्षात्कार में कहा, 'यह बहुत दुख की बात है, इस समस्या से बहुत सारी महिलाएं गुजरती हैं। गृहणी होना एक कम सराहना वाला काम माना जाता है। बहुत सारे लोग इसे काम नहीं मानते हैं। इसलिए, यह हर जगह फैला हुआ एक मुद्दा है, जिसका सामना बहुत सारी महिलाएं करती हैं। यही बात किरदार की यात्रा को और फिल्म को सबसे जुड़ने वाला बनाती है।'

## रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं शरवरी



शरवरी वाघ अपनी फिल्म मुंजा को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हैं। फिल्म में 'बेला' का किरदार निभाकर उन्होंने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। उनके प्रशंसकों ने तो उन्हें नई नेशनल क्रश तक कह डाला है। एक साक्षात्कार में शरवरी ने रणवीर सिंह के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि वह रणवीर सिंह के साथ जरूर काम करना चाहेंगी। फिल्म में शरवरी की भूमिका को खूब सराहा जा रहा है।

